भर्ती हेतु सूचना

परामर्शदाता–स्वास्थ्य प्रोत्साहन/आईसी (एनसीडी) (2 पद)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, पूर्णतः संविदा आधार परउपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

कार्य एवं दायित्वः

1. लक्ष्य समूहों की जानकारी, बर्तावों, मान्यताओं और प्रथाओं के बारे में आरंभिक अनुसंधान करने में सहयोग करना।
2. कार्यक्रम की जरूरतों के अनुरूप, प्रचार–प्रसार और प्रोत्साहन रणनीति तैयार करना।
3. मौजूदास्वास्थ्य प्रोत्साहन/आईईसी संसाधनों को संकलित और व्यवस्थित करना और आईईसी के लिए एक संसाधन केंद्र विकसित करना।
4. संदेशों के व्यापक प्रसार के लिए अभिनव सामाजिक मीडिया/तकनीक आधारित आईईसी विकसित करना।
5. राष्ट्रीय/राज्य/जिला स्तरों पर मौजूदा बीसीसी/आईईसी रणनीतियों/योजनाओं, संदेशों, साधनों, सामग्रियों, और संस्थागत व्यवस्थाओं की समीक्षा करना।
6. स्वास्थ्य प्रोत्साहन के लिए क्षमता वर्धन में राज्यों और अन्य हितधारकों की मदद करना।
7. एनपीसीडीसीएस पर विभिन्न राज्यों की सर्वोत्तम प्रथाओं/अभिनव प्रयासों की तुलना करना और उनका प्रचार–प्रसार करना।
8. कार्यक्रम की गहन समीक्षा करना और विभिन्न चिकित्सा केंद्रों में स्वास्थ्य के प्रोत्साहन के लिए नवीन युक्तियां विकसित करना।
9. मधुमेह दिवस, योग दिवस जैसे एनसीडी से जुड़े विभिन्न दिवसों पर जागरूकता अभियानों की शुरूआत करना और उसे जारी रखना।
10. जागरूकता अभियानों की निगरानी और मूल्यांकन करना।
11. असंचारी रोगों (एनसीडी) की रोकथाम और स्वस्थ जीवन शैली के लिए जागरूकता अभियानों को आरंभ करने में राज्यों को सहयोग करना।
12. समय–समय पर सौंपे जाने वाले कोई अन्य कार्य करना।

अनिवार्य योग्यता एवं अनुभवः

- जन संचार (मॉस कम्यूनिकेशन)/जन संचार माध्यम (मॉस मीडिया) में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा या समकक्ष।
- जन संचार/स्वास्थ्य प्रोत्साहन/स्वास्थ्य शिक्षा/स्वास्थ्य क्षेत्र में सामाजिक जागरूकतामें 2–3 वर्षों का अनुभव।

आयु सीमाः 40 वर्ष तक।
पारिश्रमिकः 50,000–60,000/– रु. प्रतिमाह (समेकित)।
रिपोर्टिंग अधिकारीः निदेशक (एनसीडी), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय।
कार्य स्थलः नई दिल्ली।
नोटः

(i) आवेदनकर्ता को डेटा संकलन, बुनियादी विश्लेषण, इंटरनेट के उपयोग और प्रस्तुति के लिए वर्ड्स प्रोसेसिंग वर्कशीट में कंप्यूटर के उपयोग की जानकारी होनी चाहिए।
(ii) आवेदनकर्ता को निगरानी एवं पर्यवेक्षण करने के लिए बड़े पैमाने पर दौरे करने में सक्षम होना चाहिए।
(iii) आयु सीमाः आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को।
(iv) कार्यकालः 31 मार्च, 2017 तक।
(v) पारिश्रमिक, योग्यता एवं अनुभव के आधार पर दी गई सीमा में नियत किया जाएगा।

नोटः कार्यकाल, वरीयता और परस्पर सहमत नियम एवं शर्तों के अनुसार नियमानुसार एवं स्कीम के दिशानिर्देशों के अनुसार बढ़ाया जा सकता है।

आवेदन, ई–मेल द्वारा ncd.nhsrc@gmail.com पर अथवा डाक द्वारा/दस्ती रूप से मानव संसाधन प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचएफडब्ल्यू परिसर, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली–110067 को **दिनांक 21 फरवरी, 2016 को अपराह्न 4 बजे तक** पहुंच जाने चाहिए। **कृपया डाक द्वारा भेजे गए आवेदनों के मामले में लिफाफे पर तथा ई–मेल से किए जाने वाले आवेदनों के मामले में विषय–लाइन पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख अवश्य करें, अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**